236.?6 million tonnes. The year-wise actual production has been as under:

Year	Production (Million tonnes)
1991-92	253.99
1992-93	228.03
1993-94	227.06

(d) and (e) The target of sugarcane pro. duction for 1994-95 was fixed at 250 milli'in tonnes; against which the production is now estimated at 250.21 million(tonnes.

(f) In view of the answer given in part (a), question does not arise.

खाद्यान्नों का उत्पादन

4058. **श्री राम जेठमलानी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1994–95 में देश का खाद्यान्नों का उत्पादन लगभग 186.35 मिलियन मीटरी टन होने का अनुमान है, यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि खाद्यान्नों का यह उत्पादन इसी अवधि के लिये निर्धारित किये गये लक्ष्य की तुलना में कम है ;

(ग) यदि हां, तो खाद्यान्न उत्पादन का क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया था;

(घ) क्या सरकार ने खाद्यान्न उत्पादन हेतु निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में विफल रहने के कारणों का पता लगाया है ; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उनके निवारण के लिये सरकार की भावी योजना क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, हां ।

(ग) 1994–95 हेतु खाद्यान्नों के उत्पादन के लिये निर्धारित लक्ष्य 189.0 मिलियन टन है ।

(घ) और (ङ) खाद्यान्न उत्पादन हेतु निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में विफल रहने के कारणों में से एक मोटे अनाज उत्पादन करने वाले राज्यों में प्रतिकूल वर्षा और मौसम स्थितियां हैं । इसके कारण मोटे अनाज के उत्पादन में 1992–93 में अधिप्राप्त लक्ष्यों में लगभग छः मिलियन टन की कमी हुई ।

खाद्यान्नों की उत्पादकता और उत्पादन में बढ़ोतरी करने के लिये, फसलोन्मुख उत्पादन कार्यक्रमों अर्थात समेकित अनाज विकास कार्यक्रम–चावल, गेहूं, और मोटे अनाज और राष्ट्रीय दलहन विकास कार्यक्रम को क्रियान्वित किया जा रहा है । इसके अलावा, कम खपत वाले क्षेत्रों में उर्वरक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिये तथा फसलों के उत्पादन में सुधार लाने के लिये सिंचाई सुविधाओं का विस्तार कार्यक्रम भी क्रियान्वित किये जा रहे हैं ।

खाद्यान्नों के उत्पादन हेतु लक्ष्य

4059. **श्री राम जेठमलानी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने वर्ष 1995-96 हेतु खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है ;

(ख) यदि हां, तो विभिन्न खाद्यान्नों हेतु क्या-क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं ;